प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.02.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :—

1. महाकुंभ में कल बसंत पंचमी पर अमृत स्नान को लेकर किये गये विशेष इंतजाम : रेलवे चलाएगा 400 स्पेशल ट्रेन, परिवहन निगम ने 2500 रोडवेज बसें की आरक्षित।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व वेटलैंड्स डे पर गोंडा में आयोजित कार्यक्रम में कहा— पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार ने आठ वर्षों में लगाए दो करोड़ दस लाख पौधे।
3. मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए प्रचार का कल आखिरी दिन : मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभा में परिवारवाद और विकास के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी पर साधा निशाना।

और

4. केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गोरखपुर—मैलानी एक्सप्रेस को पीलीभीत जंक्शन पर दिखाई हरी झंडी : कहा— ट्रेन के विस्तार से लोगों का लखनऊ और गोरखपुर पहुंचना होगा आसान।

———————

प्रयागराज में महाकुंभ में बसंत पंचमी पर कल होने वाले अमृत स्नान को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा, परिवहन और स्वास्थ्य को लेकर विशष व्यवस्थाएं की गई है। एक रिपोर्ट...

*महाकुंभ मेला क्षेत्र में इस अमृत स्नान पर्व पर डुबकी लगाने की श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिल रहा है। भोर से ही संगम सहित सभी प्रमुख स्नान घाटों पर देश के कोने कोने से आए श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा रहे है। आज दिन भर एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाई है ।महत्वपूर्ण स्नान पर्व के चलते कुंभ मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई है। कुंभ मेला क्षेत्र में अतिरिक पुलिस बल और उत्तर प्रदेश शासन के सचिव स्तर से अधिकारियों को भी तैनात किया गया। संपूर्ण मेला क्षेत्र को नो व्हीकल जोन और डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया।*

रेलव, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से 400 महाकुंभ विशेष रेलगाड़ियां चलाएगा। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि रेलवे, बसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान के लिय, वैसी ही तैयारी कर रहा है जैसी मौनी अमावस्या पर की गई थी। बाइट...

*जनता का वहाँ पे आगमन होगा और जिस हिसाब से डिमांड क्रिएट होगी जैसे हमारा फर्स्ट डे हमें दो सौ बाईस ट्रेन चलानी पड़ी। नेक्स्ट–डे हम लोगों ने 184 ट्रेन चलाई थी और उसके बाद ये संख्या करीब पचास पर आ गयी थी। फिर केजुवली श्रद्धालुओं की संख्या में कमी आ गई थी। हम लोगों ने जो तैयारी मौनी अमावस्या के स्केल के हिसाब से प्लान की थी उसी स्केल पे हम अभी भी बसंत पंचमी के लिए भी अपनी तैयारियां पूरी उसी स्केल पे मेंटेन किए हुए हैं।*

वहीं श्रद्धालुओं और पर्यटकों की घर वापसी के लिए अस्थाई बस स्टेशन पर 25 सौ से अधिक रोडवेज बसें आरक्षित की गई हैं, जो हर 15 मिनट पर चलेंगी, जबकि महाकुंभ क्षेत्र के नजदीकी स्थान के लिए 550 शटल बसें मौजूद रहेंगी, जो हर दो मिनट पर चलेंगी।

महाकुंभ में बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के लिए उमड़ रहे जनसैलाब को देखते हुए पूरे प्रयागराज मंडल के डॉक्टरों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। 12 सौ से अधिक मेडिकल फोर्स और पैरामेडिकल स्टाफ को महाकुंभ नगर में तैनात किया गया है। महाकुंभ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दूबे ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल और तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय में मरीजों को भर्ती किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पचास से अधिक एम्बुलेंस को तैयार रखा गया है, इसके साथ ही अन्य चिकित्सा सुविधाओं का भी समुचित प्रबंध किया गया है।

---

प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारत की अखंडता में एकता ही देश को एक संरचना में जोड़े रखती है। परिवहन राज्यमंत्री कल आगरा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में पूर्वोत्तर राज्यों के छात्र–छात्राओं की एकात्मता राष्ट्रीय यात्रा के समापन

समारोह को संबोधित कर रहे थे। परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि महाकुम्भ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महाकुंभ मेले के लिए 800 बसें लगाई गईं, जो प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित की गईं। सरकार की कोशिश है कि किसी को कुंभ आने–जाने में कोई परेशानी न हो।

——————

केंद्रीय संचार ब्यूरो–सीबीसी के महानिदेशक योगेश कुमार बावेजा ने कल प्रयागराज महाकुंभ मेले में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगायी गयी डिजिटल प्रदर्शनी का अवलोकन किया। श्री बावेजा ने कहा कि इस प्रदर्शनी में भारत सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को उत्तम तरीके से प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर सीबीसी के अपर महानिदेशक अजय अग्रवाल भी उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के बेहतर प्रचार–प्रसार के लिए सीबीसी और पीआईबी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की गई।

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की आजादी के बाद 65 वर्षों में केवल 23 वेटलैंड स्थलों की पहचान की गई थी, लेकिन पिछले 10 वर्षों में देश में

इसके लिए 63 नए स्थलों की पहचान की गई है। मुख्यमंत्री ने यह बात आज विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर गोंडा के पार्वती अर्गा पक्षी विहार में, 'हम सभी के भविष्य के लिए वेटलैंड्स का संरक्षण विषय' पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कही। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सरकार ने 8 वर्षों में 2 करोड़ 10 लाख पौधे लगाए हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत पौधे सुरक्षित हैं। हमं इस दिशा में नये प्रयास करना चाहिए। बाइट....

*जितनी भी प्राकृतिक झीले होती हैं यानी वेटलैंड्स होती है यह हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र होता है यह भूजल संरक्षण के लिए सिंचाई और पेयजल की उपलब्धता बाढ़ और सूखे पर नियंत्रण, कार्बन भंडारण और जलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर निर्भर वनस्पतियों, वन्य प्राणियों और प्रवासियों और स्थानीय पक्षियों के संरक्षण के साथ–साथ भोजन, औषधि और आजीविका के व आय के संसाधन उपलब्ध करवाने में यह वेटलैंड्स की एक बड़ी भूमिका है।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई पुस्तकों का विमोचन और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित अरगा ब्रांड के उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। साथ ही वेट लैंड्स के संरक्षण को लेकर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार वितरित किये।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कल शाम चुनाव प्रचार थम जायेगा। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मिल्कीपुर उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिससे सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, सपा को उससे पीड़ा होती है। उन्होंने सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में केवल सैफई का विकास होता था, लेकिन आज गोरखपुर और काशी से अधिक अयोध्या का विकास हुआ है। बाइट...

*ये विकास विरोधी भी है लोग कल्याण विरोधी भी है उनकी दृष्टि सैफई के बाहर नहीं जाती है। इस सैफाई के बाहर नहीं सोच सकते, जब सत्ता में आते है तो परिवार के लिए कार्य करते हैं। वोट मांगने के लिए जाति का सहारा लेते है और जब सत्ता में आते हैं। तो अपने परिवार का भरण पोषण करके सारे पद एक परिवार को दे दिए जाते हैं और इसलिए मिल्कीपुर का चुनाव भी आज राष्ट्रवाद बनाओ परिवारवाद का चुनाव बन कर रह गया है।*

———————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में विकास और विरासत को एक साथ लेकर चलने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में देश के सर्वश्रेष्ठ 50 पर्यटन स्थलों के विकास की गई घोषणा की गई है। इनमें अधिकांश उत्तर प्रदेश में स्थित हैं, इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था तथा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बजट में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों के विकास पर विशेष जोर है, जिसमें कई स्थल प्रदेश में है।

वाराणसी में इंडिया इंडस्ट्रीज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर चौधरी ने कहा कि बजट में प्रत्येक वर्ग का ध्यान रखा गया है। बाइट...

*माननीय वित्त मंत्री जी ने दिल खोलकर हर वर्ग का ध्यान रखते हुए चाहे युवा हो नारी हो एमएसएमई हो, किसान हो भरपूर लाभ देने का प्रयास किया है। सरकार ने जो अपना विकसित भारत का लक्ष्य है उस दिशा में उसको ध्यान में रखकर किया गया है। इनकम टैक्स में जिस तरह की छूट दी गई उसमें हम लोग मध्यम वर्ग के लिए अपेक्षा करते थे एमएसएमई में उन्होंने खूब छूट दी किसान क्रेडिट कार्ड और एमएसएमई क्रेडिट कार्ड के लिए उन्होंने सीमा डबल कर दी। कई जगह मतलब हर प्रकार से अगर हम ये कहे की बहुत ही विकासमुख बजेट है तो ये उचित होगा।*

———————

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गोरखपुर–मैलानी एक्सप्रेस को पीलीभीत तक बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया है।

उन्होंने पीलीभीत में इस विस्तारित ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद ट्रेन से पूरनपुर तक का सफर भी किया। बाइट...

*पीलीभीत की विकास की जो रेल यात्रा शुरू हो रही है सही मायने में आज देखने को मिल रही है कि पीलीभीत की जनता को एक जुड़ाव सहूलियत और इससे लोगों को आनेजाने की सुविधा मिलेगी। इससे उद्योग यहां इस क्षेत्र में आवागमन, यहां के पीटीआर, यहां के टूरिज्म तमाम चीजों को इससे बहुत फायदा मिलेगा।*

——————————